देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 179 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
आपसी सहयोग
में बाधा



# पेज श्री

देहरादून, रविवार, 20 अक्टूबर 2024



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 19.0° 79924.77

2 नेतन्याहू के घर पर ड्रोन अटैक

7 सरफराज खान ने ठोका पहला टेस्ट शतक

# हम आरक्षण पर 50 फीसदी की लिमिट हटा देंगे

## भाजपा पर हमलावर विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने किया बड़ा ऐलान

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

रांची। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को बड़ा ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने पर हम आरक्षण पर 50 फीसदी की सीमा भी हटा देंगे। राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग को लेकर भी भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव आयोग के साथ सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग, नौकरशाही को नियंत्रित करती है। जाति जनगणना सामाजिक एक्स–रे का जरिया है। इसका प्रधानमंत्री मोदी ने विरोध किया है।

संविधान सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल ने सवाल किया कि संविधान की रक्षा कौन सी संस्थाएं करती हैं। मीडिया करती है? मीडिया ऐसा नहीं करती। चुनाव आयोग इसकी रक्षा करता है? नहीं, चुनाव आयोग भी संविधान की रक्षा नहीं करता। ब्यूरोक्रेसी, सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग इसकी रक्षा करते हैं? नहीं, इन सभी संस्थाओं को भाजपा ने कंट्रोल कर लिया है।

राहुल गांधी ने आगे कहा– सच्चाई यह है कि धन बीजेपी के पास, संस्थाएं, मीडिया, सीबीआई, ईडी, आईटी सब कुछ उनके पास है। अब आप पूछेंगे कि जब सब कुछ उनके पास है तो हमारे पास क्या है। हमारे पास सच्चाई है। हमें और कुछ नहीं चाहिए क्योंकि जब तक हमारे पास सच होगा, हमें न्याय मिलेगा।

राहुल गांधी ने कहा– जब भाजपा के लोग आदिवासी को वनवासी कहते हैं तो वे क्या करने की कोशिश कर रहे हैं? आपका जो जीने का तरीका है, इतिहास है, विज्ञान है, जिसे आप हजारों वर्षों से चला रहे हो उसको लोग खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। आदिवासी का अर्थ जो सबसे पहले मालिक थे जबकि वनवासी का मतलब वो जंगल में रहते हैं। मैं हिंदुस्तान की शिक्षा व्यवस्था में पढ़ा हूं। हमारी शिक्षा प्रणाली में आदिवासियों के बारे में केवल 10–15 लाइनें ही मिलेंगी।

राहुल गांधी ने कहा– आदिवासियों का इतिहास क्या है? जीने का तरीका क्या है? उस बारे में देश की शिक्षा व्यवस्था में कुछ नहीं लिखा। आपके बारे में ओबीसी शब्द का प्रयोग किया गया। क्या यह आपका नाम है? किसने कहा आप पिछड़े हैं। आपका जो हक है वो आपको नहीं दिया जाता है। राहुल गांधी ने सवाल किया, देश बनाने वाले किसान, मजदूर, बढ़ई, नाई, मोची का इतिहास कहां है? हमारी शिक्षा प्रणाली हमें मूल निवासियों के बारे में सिखाने में विफल रही है।

### देश के 90 प्रतिशत लोगों के अधिकारों को खत्म करने की कोशिश

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश के 90 प्रतिशत लोगों के अधिकारों को खत्म करने की कोशिश हो रही है। इनके साथ न मीडिया है, न जूडिशरी है और न ही ब्यूरोक्रेसी है, लेकिन इनके पास सच्चाई है। हम मिलकर आवाज उठाएंगे और इस लड़ाई में मैं आपके साथ हूं।



### जब तक हमारे पास सच होगा, हमें न्याय मिलेगा

राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और बीजेपी पर निशाना आगे कहा कि, भाजपा के पास धन, संस्थाएं, मीडिया, सीबीआई, ईडी, आईटी सब कुछ है। लेकिन हमारे पास श्सच्चाईश है। हमें और कुछ नहीं चाहिए। क्योंकि जब तक हमारे पास सच होगा, हमें न्याय मिलेगा। देश ने नरेंद्र मोदी को बता दिया किरू हम बिरसा मुंडा जी, गुरु नानक देव जी, नारायण गुरु जी, बसवन्ना जी, भगवान बुद्ध जी और फुले जी की सोच पर आक्रमण नहीं होने देंगे।

### प्रधानमंत्री के चेहरे से हंसी गायब

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे से आज हंसी गायब हो गई है। प्रधानमंत्री पहले हंसते थे, लेकिन जो नतीजे आए हैं, उससे उन्हें झटका लगा है। उन्होंने सबसे बड़े विपक्षी पार्टी का बैंक आउंट बंद कर दिया गया। बिना पैसे के कांग्रेस पार्टी ने ये चुनाव लड़ी। राहुल गांधी ने कहा– 20 साल बाद भारत की राजनीति में समझता हूं। संविधान की वजह से ही लोकसभा चुनाव 2024 का गेम पलटा। लोकसभा चुनाव में सिर्फ कांग्रेस पार्टी की एक फैसले से बीजेपी चित हो गई। पूरे चुनाव में मैंने बस लोगों को बाबा साहेब का संविधान दिखाना शुरू किया।श राहुल बोले– श्मैंने सिर्फ इतना कहा कि इसे किसी को छूने नहीं देंगे, इसकी रक्षा करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### विजया किशोर रहाटकर को बनाया गया एनसीडब्ल्यू का नया अध्यक्ष

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने विजया किशोर रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। विजया किशोर रहाटकर को रेखा शर्मा के स्थान पर राष्ट्रीय महिला आयोग का नौवां अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा के तहत की गई नियुक्ति तीन साल के लिए है। रहाटकर का कार्यकाल जल्द शुरू हो जाएगा और यह एलान भारत के गजट में प्रकाशित की जाएगी।

### छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में नक्सलियों का हमला

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ जिले में नक्सलियों ने एक बारूदी विस्फोट करके सुरक्षा बलों को निशाना बनाया है। मिली जानकारी के अनुसार, जैसे ही टीम गश्ती अभियान के बाद लौट रही थी, नक्सलियों ने उनके रास्ते में आईईडी लगाकर विस्फोट किया। इस धमाके में दो जवान शहीद हो गए हैं।

# विधानसभा चुनाव में साथ लड़ेगा विपक्षी गठबंधन

## 81 में 70 सीटों पर उतरेंगे कांग्रेस-जेएमएम के उम्मीदवार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

झारखण्ड। झारखंड में सत्तारूढ़ इंडिया गठबंधन के दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि इंडिया ब्लॉक आगामी विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ेगा और कांग्रेस और जेएमएम 81 में से 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सीट बंटवारे को लेकर चर्चा के लिए रांची पहुंच चुके हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को रांची स्थित अपने सरकारी आवास पर गठबंधन का एलान किया। सोरेन ने इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद कहा, इंडिया ब्लॉक झारखंड विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ेगा। सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत के दौरान यह निर्णय लिया गया है कि कांग्रेस और जेएमएम 81 में से 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। जेएमएम और कांग्रेस कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इसका खुलासा अभी मुख्यमंत्री ने नहीं किया।

उन्होंने आगे कहा कि शेष 11 सीटों के लिए गठबंधन सहयोगियों आरजेडी और वाम दलों के साथ सीट बंटवारे को लेकर बातचीत चल रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर की उपस्थिति में सीट शेयरिंग का ऐलान किया। हालांकि, इस मौके पर आरजेडी और वाम दल के प्रतिनिधि उपस्थित नहीं थे। सोरेन बताया कि,राजद और सीपीआई(एल) से बातचीत के बाद स्थिति साफ हो जाएगी कि, कांग्रेस और जेएमएम किन–किन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बता दें राज्य में विधानसभा चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे और मतगणना 23 नवंबर को होगी।

### नूडल्स की तरह 2 मिनट में नहीं लिए जाते सभी फैसले: आरजेडी

आरजेडी नेता मनोज कुमार झा ने दावा किया कि पार्टी ने झारखंड विधानसभा की 15 से 18 सीटों की पहचान की है, जहां वह अकेले बीजेपी को हरा सकती है। हेमंत सोरेन के सीट शेयरिंग की घोषणा पर मनोज कुमार झा ने कहा कि सभी फैसले 2 मिनट के नूडल्स की तरह तुरंत नहीं लिए जा सकते। उन्होंने कहा कि हमारे (राजद) लिए सभी विकल्प खुले हैं।

# जम्मू-कश्मीर को मिलेगा राज्य का दर्जा?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली कैबिनेट द्वारा पारित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव में केंद्र से जम्मू–कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया गया था।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि गुरुवार को उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य के मूल स्वरूप को बहाल करने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। अधिकारियों ने आगे कोई विवरण दिए बिना कहा कि उपराज्यपाल ने कैबिनेट द्वारा पारित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रवक्ता ने कहा कि राज्य का दर्जा बहाल करना एक उपचार प्रक्रिया की शुरुआत होगी। संवैधानिक अधिकारों को पुनः प्राप्त करना और जम्मू–कश्मीर के लोगों की पहचान की रक्षा करना है।

उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने मुख्यमंत्री को राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार के साथ मामला उठाने के लिए अधिकृत किया है। प्रवक्ता ने कहा कि कैबिनेट ने 4 नवंबर को श्रीनगर में विधानसभा बुलाने का भी फैसला किया है और एलजी को विधानसभा बुलाने और उसे संबोधित करने की सलाह दी है।

### मंजूरी

■उमर अब्दुल्ला के प्रस्ताव को एलजी ने दिखाई हरी झंडी

### पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे उमर

प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू–कश्मीर की विशिष्ट पहचान और लोगों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा नवनिर्वाचित सरकार की नीति का आधार बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस संबंध में प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों से मिलने के लिए आने वाले दिनों में नई दिल्ली जाएंगे।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# पक्ष में फैसला तो सुको अद्भुत, खिलाफ तो हम बदनाम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ जब कोई टिप्पणी करते हैं तो उसका संदर्भ काफी महत्वपूर्ण होता है। लोकहित के मुद्दे से लेकर सरकार के खिलाफ उनकी टिप्पणियों को लोग काफी गंभीरता से लेते हैं। सीजेआई के रूप में जब वह सरकार पर सवाल उठाते हैं तो उसके पीछे ठोस तर्क के साथ ही जनसरोकार का भाव भी साफ दिखता है।

ऐसे में अगर सीजेआई सुप्रीम कोर्ट के संदर्भ में संसद में विपक्ष की भूमिका के साथ ही कोर्ट के फैसलों की व्याख्या के लेकर टिप्पणी करते हैं तो उसका मतलब भी बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। वह भी ऐसे समय में जब कई मामलों में सुप्रीम कोर्ट पर सरकार के दबाव की बात भी उठती है। सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्ष भी सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के लेकर अपने हिसाब से प्रतिक्रिया से लेकर टिप्पणी करते हैं। उन लोगों के बीच एक बड़ा विभाजन है जो सोचते हैं कि जब आप उनके पक्ष में निर्णय देते हैं तो सुको एक अद्भुत संस्था है, और जब आप उनके खिलाफ निर्णय देते हैं तो यह एक ऐसी संस्था है जो बदनाम है।

■विपक्ष की भूमिका नहीं निभा सकतेः सीजेआई

## न्यूज डायरी



### अब अल–हय्या हो सकता है हमास का नया प्रमुख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काहिरा। इजरायली हमले में याह्या सिनवार के मारे जाने के बाद हमास गाजा के बाहर रहने वाले किसी व्यक्ति को अपना सरगना बनाने पर विचार कर रहा है। याह्या के भाई मोहम्मद सिनवार से इजरायल के खिलाफ युद्ध में बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद है। याह्या सिनवार के सहयोगी खलील अल–हय्या को संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। अल–हय्या इस समय हमास का मुख्य वार्ताकार है। उसके अलावा नेतृत्व के अन्य दावेदारों में इस्माइल हानिया के पूर्ववर्ती खालिद मेशाल और शूरा परिषद के अध्यक्ष मोहम्मद दरवेश शामिल हैं। तीन महीने से कम समय के भीतर हमास के दो सरगना मारे जा चुके हैं। कई वर्षों तक हमास का नेतृत्व करने वाले इस्माइल हानिया की 31 जुलाई को ईरान में हत्या कर दी गई थी। इसके बाद हमास का नेतृत्व संभालने वाले याह्या सिनवार को इजरायली सैनिकों ने बुधवार को मार गिराया। जब सिनवार ने हानिया की जगह ली, तो उसने गाजा में सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व दोनों को एक साथ मिला दिया, लेकिन इस बार ऐसा संभव नहीं लगता। गाजा में हमास प्रमुख याह्या सिनवार के मारे जाने के बाद इजरायली सेना ने वहां पर सेना की नई यूनिट भेजी है। यह यूनिट गाजा के सबसे बड़े शरणार्थी क्षेत्र जबालिया में चल रही कार्रवाई में मदद देगी। वहां पर सामान्य जन का आवागमन बंद कर इजरायली सेना टैंकों से कार्रवाई कर रही है। इस क्षेत्र में इजरायली सेना के प्रतिदिन बड़ी संख्या में हवाई और जमीनी हमले हो रहे हैं।

### किम जोंग ने ड्रोन से जासूसी का लगाया आरोप, दे डाली हमले की धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्योंगयांग। कोरियायी प्रायद्वीप में लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया को एक विदेशी और शत्रु राष्ट्र बताया है। वहीं अब ड्रोन को लेकर तनाव बढ़ता दिख रहा है। शनिवार को उत्तर कोरिया ने दावा किया कि उसे अपनी राजधानी प्योंगयांग में एक तलाशी अभियान के दौरान दक्षिण कोरिया के एक ड्रोन के अवशेष मिले हैं। उत्तर कोरिया ने कहा कि इससे यह साबित होता है कि इस महीने की शुरुआत में कथित घुसपैठ के पीछे उत्तर कोरिया की सेना का हाथ था। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कुछ तस्वीरें जारी कीं, जिनमें एक क्षतिग्रस्त विमान दिख रहा है, जिसके चौड़े, वी–आकार के पंख हैं। उसने कहा कि उत्तर कोरिया की सेना और सरकारी सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त जांच से निष्कर्ष निकला है कि 13 अक्टूबर को मिला ड्रोन वैसा ही है, जैसा ड्रोन अक्टूबर की शुरुआत में दक्षिण कोरियाई सैन्य परेड में दिखाई दिया था। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर आरोप लगाया है कि उसने इस महीने तीन बार रात के समय प्योंगयांग के हवाई क्षेत्र में ड्रोन उड़ाकर उत्तर कोरिया का विरोध करने वाले पर्चे गिराए। उसने धमकी दी है कि अगर ऐसा दोबारा हुआ तो वह बलपूर्वक जवाब देगा।

### भारत–कनाडा के संबंध अब सबसे खराब स्तर पर पहुंच गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोरंटो। कनाडा की ओर से खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में भारतीय उच्चायुक्त को संदिग्ध व्यक्ति करार दिए जाने के बाद दोनों देशों के राजनयिक संबंधों में तनातनी जारी है। बढ़ती कूटनीतिक सरगर्मी के बीच कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने शुक्रवार को कहा कि शेष भारतीय राजनयिक भी स्पष्ट रूप से नोटिस पर हैं। आगे कहा कि सरकार ऐसे किसी भी राजनयिक को बर्दाश्त नहीं करेगी, जो वियना सम्मेलन का उल्लंघन करता हो या कनाडाई लोगों के जीवन को खतरे में डालता हो। भारत ने छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया और घोषणा की कि वह कनाडा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुला रहा है।
दूसरी तरफ कनाडा ने कहा कि उसने छह भारतीय राजनयिकों को निष्कासित कर दिया है। भारत ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच से राजदूत को जोड़ने के आरोपों को खारिज कर दिया है। यह पूछे जाने पर कि क्या अन्य भारतीय राजनयिकों को निष्कासित किया जाएगा? जोली ने कहा कि वे स्पष्ट रूप से नोटिस पर हैं। उनमें से छह राजनयिकों को निष्कासित कर दिया गया है, जिसमें भारतीय उच्चायुक्त भी शामिल हैं।

# नेतन्याहू के घर पर किया गया ड्रोन अटैक

**हमला**

## सिनवार की मौत के बाद हिजबुल्लाह का सबसे बड़ा हमला

- ड्रोन हमले के समय नेतन्याहू और उनकी पत्नी घर में नहीं थे
- दक्षिणी लेबनान की ओर से किए गए तीन ड्रोन हमले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। लेबनान की ओर से मध्य इजरायली शहर कैसरिया में एक घर पर हमला किया गया। हमले का लक्ष्य पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का घर था। गौरतलब है कि उनका घर सुरक्षित है। वहीं, जब यह ड्रोन हमला हुआ था तो उस समय पीएम नेतन्याहू और उनकी पत्नी घर में मौजूद नहीं थे। यह पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का निजी घर है। इजरायली डिफेंस फोर्सेज की ओर से जानकारी दी गई कि लेबनान की ओर से तीन ड्रोन दागे गए थे। उनमें से एक मध्य इजरायली शहर कैसरिया में एक घर को निशाना बनाया गया था। आशंका है कि यह हिजबुल्लाह की ओर से ही किए गए हैं।

आईडीएफ ने इस बात को स्वीकार्य किया है कि उनका एयर डिफेंस सिस्टम ड्रोन हमले को रोकने में नाकामयाब रहा। हालांकि, तीन में से दो ड्रोन हमले को रोक दिया गया, लेकिन एक ड्रोन कैसरिया में एक घर से जाकर टकरा गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ड्रोन के घर से टकराने के बाद जबरदस्त हमला हुआ। गनीमत रही कि इस ड्रोन हमले में किसी के हताहत होनी की खबर सामने नहीं आई है।

बता दें कि हमास नेता याह्या सिनवार को इजरायली सैनिकों ने राफा में मार गिराया है। उस पर आरोप था कि वह पिछले साल 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए आतंकी हमले का मास्टरमाइंड था। पिछले एक साल से सिनवार की तलाश में इजरायली सेना जुटी थी। याह्या सिनवार लगातार युद्ध विराम का भी विरोध कर रहा था।

याह्या सिनवार की मौत के बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एलान किया है कि गाजा में युद्ध तब तक जारी रहेगा जब तक हमास बंधकों को नहीं छोड़ेगा। याह्या सिनवार की मौत पर हिजबुल्लाह ने चिंता जाहिर की थी और सिनवार की मौत का बदला लेने की बात भी कही थी। बता दें कि इजरायल की सेना एक ओर गाजा में हमास के खिलाफ लड़ रही है तो दूसरी ओर दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ भी मोर्चा खोल रखा है। कुछ दिनों पहले इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह को मौत के घाट उतार दिया था। नसरल्लाह की मौत के बाद मिडिल इस्ट में टैंशन काफी बढ़ चुकी थी। ईरान की ओर से भी इजरायल पर मिसाइल दागे गए।

पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास के आतंकियों ने इजरायल पर हमला किया था। इस हमले में करीब 1200 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं 250 से अधिक लोगों को बंधक बनाया गया था। इसके बाद ही इजरायल ने हमास के खिलाफ युद्ध का एलान कर दिया। पिछले एक साल से जारी संघर्ष में अब तक 42,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की जान जा चुकी है।

## दुनिया में एक अरब से ज्यादा लोग घोर गरीबी में जी रहे जिंदगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** संयुक्त राष्ट्र। भारत दुनिया के उन पांच देशों में है, जहां सबसे ज्यादा लोग घोर गरीबी में जीवनयापन कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में करीब 1.1 अरब लोग घोर गरीबी में जिंदगी बसर कर रहे हैं और इनमें से भी आधे नाबालिग हैं।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की आक्सफोर्ड गरीबी और मानव विकास पहल (ओपीएचआई) की ओर से गुरुवार को बहु आयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआइ) जारी की गई। इसमें कहा गया है कि दुनिया में 1.1 अरब लोग घोर गरीबी में जी रहे हैं, जिनमें से 40 प्रतिशत लोग युद्ध, नाजुक स्थिति या कम शांति वाले देशों में रह रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 23.4 करोड़ लोग गरीबी में जीवन यापन कर रहे हैं, जिसे मध्यम मानव विकास सूचकांक में रखा गया है। भारत उन पांच देशों में है जहां पर घोर गरीबी में जीवनयापन करने वालों की संख्या सबसे अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के अलावा अन्य चार देश पाकिस्तान (9.3 करोड़), इथियोपिया (8.6 करोड़), नाइजीरिया (7.4 करोड़) और कांगो (6.6 करोड़) हैं, जिन्हें निम्न मानव विकास सूचकांक में रखा गया है।



## दांत निकाला, अंगुली काटी और बांह तोड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इजरायल की सेना ने 16 अक्टूबर को राफा में अपने सबसे बड़े दुश्मन याह्या सिनवार को इत्तेफाक से मार गिराने में कामयाबी पाई। जब सिनवार मारा गया तो उसकी तस्वीरें और फोटो दुनिया भर में वायरल हुईं। अब उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी सामने आ गई है। सिनवार को मारने के बाद सेना उसके शव को इजरायल लेकर पहुंची। इससे पहले एक अंगुली काटकर सिनवार का डीएनए परीक्षण किया गया। दांत निकाल कर उसका भी परीक्षण किया गया। दोनों जांच के बाद इस बात की पुष्टि हुई कि मारा गया आंतकी सिनवार है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है कि उसकी मौत सिर में गोली लगने से हुई है।

# अगर शेख़ हसीना को नहीं सौंपा तो बांग्लादेश विरोध करेगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत में रहने को लेकर ढाका की बयानबाजी तनाव को बढ़ा रही है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कानून सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा है कि अगर भारत शेख हसीना को प्रत्यर्पित करने से इनकार करता है तो उनका देश इसका कड़ा विरोध करेगा। नजरुल का बयान बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के बाद आया है।

न्यायाधिकरण ने अधिकारियों को 18 नवम्बर तक शेख हसीना और 45 सह–आरोपियों को पेश करने का आदेश दिया है। शेख हसीना

**बांग्लादेश की यूनुस सरकार ने भारत को दिखाई आंख**

बड़े पैमाने पर सरकारी विरोधी प्रदर्शनों के बीच बीती 5 अगस्त को अपदस्थ होने के बाद भारत भाग गई थीं। बांग्लादेश के एक चैनल से बात करते हुए आसिफ ने कहा कि उनके पास कई कानूनी व्यवस्थाएं होंगी, लेकिन अगर भारत ईमानदारी से व्याख्या करता है तो भारत निश्चित रूप से हसीना को वापस भेजने के लिए बाध्य है।

बांग्लादेश और भारत के बीच पहले ही प्रत्यर्पण संधि है। नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्रालय ने हसीना की वर्तमान स्थिति के बारे जानकारी देते हुए बताया, जैसा कि हमने पहले कहा था, वह सुरक्षा कारणों से बहुत कम समय के नोटिस पर यहां आई थीं और वब अभी भी यहां हैं। 5 अगस्त को बांग्लादेश से भागकर शेख हसीना दिल्ली के पास हिंडन एयरबेस पर उतरीं थीं। इसके बाद उन्हें अज्ञात स्थान पर ले जाया गया और तब से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया।

नजरुल ने पिछले महीने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा था कि सुनवाई की प्रक्रिया शुरू होने पर बांग्लादेश शेख हसीना के प्रत्यर्पण की औपचारिक मांग करेगा। बांग्लादेश के मीडिया आउटलेट ढाका ट्रिब्यून ने गुरुवार को विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन के हवाले से कहा कि अंतरिम सरकार आवश्यक कदम उठाएगी और हसीना को वापस लाने की कोशिश करेगी।

### राष्ट्रपति पुतिन ने भारतीय फिल्मों की जमकर की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूसी 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 22–23 अक्टूबर तक रूस का दौरा करेंगे। इससे पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारतीय फिल्मों की सराहना की है और उन्होंने रूस में भारतीय फिल्मों के प्रसारण को बढ़ावा देने की संभावना का संकेत दिया है। पुतिन ने रूस में भारतीय सिनेमा को बढ़ावा देने के साथ ही रूस और भारत के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों पर प्रकाश डाला। रूस में भारतीय फिल्म काफी लोकप्रिय हैं। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि भारतीय फिल्में रूस में काफी लोकप्रिय हैं। हमारे पास एक समर्पित टीवी चौनल भी है जो चौबीसों घंटे भारतीय फिल्में प्रसारित करता है। पुतिन ने ब्रिक्स फिल्म फेस्टिवल और इस साल के मॉस्को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में ब्रिक्स देशों की फिल्मों को शामिल करने की वकालत की।

Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# मैठाणा को मॉडल विलेज के रूप में विकसित करने की कवायद शुरू


निरीक्षण

## डीएम, सीडीओ सहित विभागीय अधिकारियों ने किया गांव का स्थलीय निरीक्षण

संवाददाता

चमोली। बद्रीनाथ यात्रा मार्ग पर स्थित दशोली ब्लाक का मैठाणा गांव जल्द ही मॉडल विलेज के रूप में सामने आएगा। जिला प्रशासन ने मैठाणा गांव को मॉडल विलेज बनाने की पहल शुरू कर दी है। यहां पर स्थानीय लोगों की आजीविका संवर्धन के साथ तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों के लिए सभी सुख सुविधाओं को विकसित किया जाएगा।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी एवं मुख्य विकास अधिकारी नदंन कुमार ने शनिवार को तमाम विभागीय अधिकारियों के साथ मैठाणा गांव का भ्रमण किया और वहां पर मौजूद संसाधनों और सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए स्थानीय लोगों के सुझाव लिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बद्रीनाथ यात्रा मार्ग पर स्थित होने के कारण मैठाणा गांव में आजीविका संवर्धन की अपार संभावनाएं है। यहां पर तीर्थयात्रियों एवं पर्यटकों के लिए जरूरी सुविधाओं को जुटाते हुए यात्रा का एक प्रमुख पडाव



बनाने का प्रयास किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा फोकस स्थानीय लोगों की आजीविका बढ़ाने पर रहेगा। उन्होंने स्थानीय लोगों को पर्यटन विभाग के सहयोग से पहाड़ी शैली में होम स्टे बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

जिलाधिकारी ने विभागों को निर्देशित किया कि केंद्र, राज्य और जिला सेक्टर की योजनाओं से मैठाणा गांव में स्वरोजगार के संसाधनों को विकसित किया जाए। सभी पात्र लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं से आच्छादित करें। मैठाणा खेल मैदान का सौंदर्यीकरण के साथ ही मैदान तक जाने वाले पहुंच मार्ग का चौडीकरण एवं पार्किंग की व्यवस्था की जाए। सभी सरकारी भवनों की एक कलर कोडिंग की जाए। नदी किनारे आरती के लिए घाट निर्माण किया जाए। मैठाणा में कृषि, बागवानी, हर्बल नर्सरी, कीवी उत्पादन, मत्स्य पालन, पोल्ट्री फॉर्म को विकसित करते हुए हाट बाजार, आउटलेट एवं अन्य माध्यमों से मार्केटिंग की व्यवस्था की जाए।

जिलाधिकारी ने रेखीय विभागों के साथ नदी तट पर स्थित खेल मैदान से लेकर पूरे मैठाणा गांव में मौजूद व्यवस्थाओं एवं सरकारी परिसंपत्तियों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। जिलाधिकारी ने नदी किनारे निर्मित सुरक्षा दीवार के बीच फिलिंग कराने, राजकीय पशु औषधालय में सप्ताह में दो दिन किसी कार्मिक की तैनाती करने, भूमिहीन असुरक्षित परिवारों को सुरक्षित भूमि पर आवास दिलाने, खेल मैदान का सौन्दर्यीकरण, लक्ष्मी नारायण मंदिर का जीर्णोद्वार और स्थानीय लोगों को विभागीय योजनाओं से जोड़ते हुए सामूहिक खेती मॉडल को विकसित करने के निर्देश दिए। वर्षा जल संरक्षण के लिए ट्रेंच और चाल खाल बनाने को कहा। राइका मैठाणा के प्रधानाचार्य को कक्षा कक्षों में लाइट लगवाने, पठन–पाठन की व्यवस्थाओं में सुधार लाने और विद्यालय परिसर में विशेष साफ सफाई रखने के निर्देश दिए।

## न्यूज डायरी

### 4 नवम्बर से 29 दिसम्बर तक सैनिकों के बच्चों को दिया जाएगा भर्ती पूर्व प्रशिक्षण

**संवाददाता** चमोली। पूर्व सैनिकों के पुत्रों को सेना पुलिस बल में भर्ती हेतू भर्ती पूर्व प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि 04 नवम्बर से 29 दिसम्बर तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय देहरादून में सैनिकों के बच्चों के लिए भर्ती पूर्व प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भर्ती में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी की उम्र 17 से 21 वर्ष के बीच, लम्बाई कम से कम 163 होनी चाहिए। अभ्यर्थी ने हाईस्कूल 45 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण या इण्टर पास की हो तथा बच्चों का नाम अभिलेख कार्यालय में दर्ज होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला सैनिक कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

### 4290 प्रति कुंतल की दर से किसानों से की जाएगी मंडुवा की खरीद

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। मिलेट मिशन योजना के अंतर्गत किसानों से मंडुवा (रागी) की खरीद का कार्य सहकारी संस्थाओं के माध्यम से किया जाएगा। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी खरीफ खरीद सत्र 2024–25 में मंडुवा (रागी) खरीद हेतु जनपद में कुल 12 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिला सहायक निबंधक सहकारी समितियां मोनिका चुनेरा ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि मंडुवा (रागी) की खरीद दर 4290 प्रति कुंतल निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जनपद के अंतर्गत बहुउद्देशीय प्रारंभिक कृषि ऋण सहकारी समिति लि. अंद्रवाड़ी, चौक बाजार, गुप्तकाशी, बरसूड़ी, चोपता, चोपड़ा, स्तूड़ा, अगस्त्यमुनि, उच्छाढुंगी, उत्तर्सू, कंडाली व बक्सीर में मंडुवा (रागी) क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने अवगत कराया कि समितियों द्वारा किसानों से 4290 प्रति कुंतल की दर से 31 दिसंबर, 2024 तक मंडुवा (रागी) खरीद का कार्य किया जाएगा।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने ग्लैंजा के फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने त्योहारी उत्साह को ध्यान में रखते हुए, टोयोटा ग्लैंजा के फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन की शुरुआत की घोषणा की। ग्राहक अब डीलर द्वारा फिट किए गए टोयोटा जेनुइन एक्सेसरी (टीजीए) पैकेज का आनंद ले सकते हैं। इसे इस त्यौहारी अवधि के दौरान ग्लैंजा की बेहतर स्टाइल, प्रदर्शन और आराम के साथ उनके ड्राइविंग अनुभव को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। अपनी उन्नत तकनीक, आकर्षक डिजाइन और उच्च ईंधन दक्षता के लिए 2019 से जानी–पहचानी सीमित संस्करण वाली टोयोटा ग्लैंजा 13 विशेष टीजीए पैकेज से युक्त है जो 20,567 रुपये मूल्य के हैं।

## सनातन धर्म की रक्षा में अखाड़ों की रही है महत्वपूर्ण भूमिका: महन्त रविन्द्रपुरी

**संवाददाता** हरिद्वार। सनातन संसार का सबसे प्राचीन धर्म है, सनातन अनंत है, जब तक धरा पर सूर्य है, जब तक सनातन धर्म स्थापित रहेगा। यह विचार अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व महानिर्वाणी अखाड़ा के सचिव श्री महन्त रविन्द्रपुरी महाराज ने हरिद्वार में स्थित श्री करौली शंकर महादेव धाम में त्रिदिवसीय महासम्मेलन एवं दीक्षा कार्यक्रम समारोह के समापन के अवसर पर व्यक्त किये।

महासम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमहंत रवींद्र पुरी महाराज ने साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह तंत्र दीक्षा ध्यान साधना कार्यक्रम हम सभी के लिए एक आत्मिक यात्रा का प्रारंभ है, तंत्र दीक्षा व मंत्र दीक्षा के माध्यम से स्वयं को परिष्कृत करते हुये समाज सेवा, आध्यात्मिकता और धार्मिक एकता को मजबूत करना होगा। श्री रविन्द्र पुरी जी महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म की रक्षा में अखाड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, उन्होने कहा कि ढोंग व पाखण्ड व सामाजिक विषमता को समाप्त करते हुये करौली शंकर महादेव महाराज वैज्ञानिक रुप से तंत्र साधना व ध्यान के माध्यम से राष्ट्र कल्याण व समाज के समग्र विकास को समर्पित हैं।

उन्होंने कहा कि यह साधना केवल बाहरी दुनिया से दूर होने का साधन नहीं, बल्कि अपने भीतर की दुनिया को जागृत करने का अवसर है। तंत्र हमें सिखाता है कि जीवन में हर अनुभव, हर भावना एक साधना का रूप ले सकता है। यह हमें सिखाता है कि हम अपने भीतर की शक्तियों को कैसे पहचानें और जागृत करें।



## जेबीपी फाउंडेशन ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्राओं को किया सम्मानित

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला विकासखण्ड के राजकीय इंटर कॉलेज मोल्टाड़ी में जेबीपी फाउंडेशन ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप 10 हजार प्रति छात्र चैक वितरित किये। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में फाउंडेशन की ओर से हर वर्ष विद्यालय में अध्ययनरत गरीब परिवार के होनहार छात्र–छात्राओं को जिनका हाई स्कूल व इंटर मीडिएट परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक हो ऐसे छात्रों को आगे की पढ़ाई के लिए प्रति छात्र 10,000 प्रति छात्र तथा कक्षा 6 से 12 तक प्रत्येक कक्षा के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को 1 हजार रुपये प्रतिवर्ष प्रोत्साहन के रूप में देते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के कार्यक्रम संयोजक अमर बत्रा सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं ,अभिभावक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# क्रिटिकल बूथों की पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश

संवाददाता

### उपचुनाव में शांतिपूर्ण ढंग से संपादित करने के लिए शस्त्र को जमा कराने के दिए गए हैं निर्देश

रुद्रप्रयाग। 07–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन को निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपादित कराने के लिए जनपद में जितने भी शस्त्र लाइसेंस धारक हैं उनके शस्त्रों को संबंधित क्षेत्र के थाना, चौकियों में जमा कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में जिला कार्यालय कक्ष में पुलिस अधीक्षक एवं उप जिलाधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उनके क्षेत्रांतर्गत जो भी शस्त्र लाइसेंस धारक हैं उनके शस्त्र को जमा कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निर्विवादित ढंग से संपादित कराने के लिए सभी शस्त्र संबंधित थाना, चौकियों में जमा किए जाएं तथा सभी शस्त्र धारकों की सूची उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से अपेक्षा की है कि पुलिस स्तर से जो भी कार्यवाही की जानी है वह भी तत्परता से कराई जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने 07–केदारनाथ विधान सभा क्षेत्रांतर्गत क्रिटिकल बूथों के संबंध में भी पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछले निर्वाचन में 10 प्रतिशत से कम बूथों पर हुए मतदान के संबंध में भी पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जो भी क्रिटिकल बूथ हैं उनकी विस्तृत आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि उन बूथों पर सुरक्षा के दृष्टिगत उचित कार्यवाही की जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे, उप जिलाधिकारी आशीष चंद्र घिल्डियाल, अनिल कुमार शुक्ला, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध घिल्डियाल, पुलिस निरीक्षक सुरेश चंद्र, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी धीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

## दो हजार रिश्वत लेता पटवारी रंगे हाथ गिरफ्तार

**संवाददाता** बागेश्वर। जमीन का दाखिल खारिज करवाने के नाम पर एक पटवारी को एक व्यक्ति से दो हजार रुपये रिश्वत मांगना भारी पड़ गया। सतर्कता अधिष्ठान कुमाऊं की टीम द्वारा आज अभियुक्त को कठपुडछीना, पटवारी कार्यालय से गिरफ्तार किया है। बागेश्वर निवासी एक शिकायतकर्ता द्वारा अपनी जमीन का दाखिल खारिज करवाने के लिए तहसील काफली गैर, पट्टी नंदीगांव के पटवारी देवेंद्र सिंह बोरा के सम्मुख आवेदन किया जिसपर अभियुक्त पटवारी द्वारा पीड़ित से दो हजार रुपये रिश्वत मांगी गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके द्वारा अभियुक्त पटवारी को पूर्व में एक हजार रुपये रिश्वत दी जा चुकी है। शिकायतकर्ता की शिकायत पर सतर्कता अधिष्ठान कुमाऊं की एक टीम द्वारा शनिवार को कठपुडछीना, पटवारी कार्यालय बागेश्वर में अभियुक्त को शिकायतकर्ता से दो हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

# आपसी सहयोग में बाधा

**हमास के साथ संघर्ष में शामिल होने के पहले इजरायल और यूएई पास आते दिख रहे थे। आर्थिक और दूसरे क्षेत्रीय मुद्दों पर सहयोग के लिए 2021 में भारत,इजरायल, यूएई और अमेरिका ने मिलकर फोरम गठित किया।**

अनुज श्रीवास्तव।।

हिज्बुल्ला प्रमुख हसन नसरल्लाह की मौत के बाद जिस बात की आशंका जताई जा रही थी, वह सही होती लग रही है। छोटी–सी गाजा पट्टी पर शुरू हुई लड़ाई बेकाबू जंग का रूप लेती जा रही है। ईरान काइजरायल पर ताजा हमला इस बात का साफ संकेत है कि दोनों पक्ष हमलों का जवाब हमलों से देने पर आमादा हैं। मगर युद्ध का फैलना खतरनाक होगा। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि कम से कम जंग और तेज न हो, इसका दायरा और न फैले।

सऊदी अरब और यूएई जैसे मुल्क अभी तक इस संघर्ष से दूरी बनाए हुए हैं, लेकिन युद्ध जिस तरह से फैल रहा है, उसमें अरब देशों का बहुत देर तक तटस्थ रहना शायद संभव न रह पाए। भारत के सामने सबसे बड़ी कूटनीतिक चुनौती होगी कि वहइजरायल और अरब वर्ल्ड के बीच किस तरह से संतुलन साधता है।



हमास के साथ संघर्ष में शामिल होने के पहले इजरायल और यूएई पास आते दिख रहे थे। आर्थिक और दूसरे क्षेत्रीय मुद्दों पर सहयोग के लिए 2021 में भारत,इजरायल, यूएई और अमेरिका ने मिलकर फोरम गठित किया। इसी तरह, पिछले साल इंडिया–मिडल ईस्ट–यूरोप इकनॉमिक कॉरिडोर की घोषणा हुई थी। युद्ध का फैलाव इस तरह के प्रयासों के लिए तगड़ा झटका होगा। ईरान के संघर्ष में सीधे तौर पर शामिल होने से रेड सी ट्रेडिंग रूट पर असर पड़ने की आशंका है। यह इकलौती वजह काफी है भारत की चिंता बढ़ाने के लिए। यह समुद्री रास्ता हिंदुस्तान को यूरोप, उत्तरी अमेरिका, उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व से जोड़ता है। पिछले वित्तीय वर्ष में देश का करीब 50: निर्यात और 30 प्रतिशत आयात इसी रूट से हुआ था।

लाल सागर तक संकट खिंचने का मतलब होगा कारोबार के लिए लंबा समुद्री रास्ता तय करना। इससे ट्रांजिट कॉस्ट बढ़ जाएगी। किराये पर असर पड़ेगा, डिलिवरी में देरी होगी और कंपनियों का मुनाफा घटेगा। पिछले साल जब हूती विद्रोहियों ने रेड सी रूट पर जहाजों को निशाना बनाना शुरू किया था, तब भी व्यापार में काफी अड़चन आई थी। उसकी वजह से कंपनियों की सामान लाने ले जाने की लागत अभी तक बढ़ी ही है। इस बार तो खतरा पहले से कहीं ज्यादा गंभीर है। ईरान के इजरायल पर मिसाइल अटैक के बाद से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल देखी जा रही है, जबकि इससे पहले इसमें कमी आई थी। भारत अपनी तीन चौथाई से अधिक तेल जरूरतों के लिए विदेशी बाजारों पर निर्भर है। ऐसे में इसकी कीमत बढ़ने से भारतीय इकॉनमी पर दबाव बढ़ेगा। कुल मिलाकर, अगर यह युद्ध फैलता है तो आर्थिक संकट का दुष्चक्र शुरू होगा, जिसकी कीमत दूसरे देशों सहित भारत को भी चुकानी पड़ेगी।

## जिंदगी



**अशोक वोहरा।** लोहार के पास कुछ समझ में नहीं आया वहां जल्दी बाजी कह दिया कि इस कुर्सी में जो भी बैठेगा वह मेरी मर्जी के बिना नहीं उठ पाएगा ऐसा वरदान दीजिए। महात्मा जी ने हुआ वरदान उसे दे दिया उन्होंने कहा कि आज के बाद जो भी इसको से में बैठेगा वह तुम्हारी मर्जी के बगैर उठ नहीं पाएगा। उनकी जिंदगी अपनी खुशी चलने लगी थी उसके पास किसी प्रकार का कोई काम की कमी बिल्कुल भी नहीं हो रही थी कभी भी। उसके बाद उन्होंने बहुत दिनों तक हटा करना और जवान रहा लेकिन उसके सभी साथियों मर गए थे और कुछ–कुछ तुम वरना बूढ़े हो गए थे कि मरने वाला ही था लेकिन लोहार को अभी तक कुछ भी नहीं हुआ था। क्योंकि लोहार को महात्मा जी ने एक 100 वर्ष जीने की वरदान जो दिया था। .......... **शेष कल**

# संपादकीय

## नए कदम की जरूरत

भारत के पास स्पेस स्टार्ट–अप्स के लिए अच्छा माहौल है। देश ने अमेरिका, जापान और फ्रांस जैसे मुख्य भागीदारों के साथ अंतरिक्ष सहयोग को मजबूत किया है। 2023 में भारत ने समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो चंद्रमा पर काम करने की गाइडलाइंस तय करता है। गगनयान प्रॉजेक्ट के तहत आने वाले बरसों में अंतरिक्ष यात्रियों को ऑर्बिट में भेजने की योजना है। हालांकि इसके बाद के काम, जैसे कि पृथ्वी की निचली कक्षा में एक स्थायी बेस बनाना और किसी भारतीय को चांद पर भेजना बहुत बड़ी चुनौती है। तकनीक के क्षेत्र में लंबी छलांग के लिए भारत को अंतरराष्ट्रीय सहयोग का फायदा उठाना चाहिए। मसलन– परंपरागत रूप से पहले छोटे और फिर बड़े स्पेस स्टेशन के बजाए कमर्शल स्पेस स्टेशन की दिशा में काम कर सकता है। इसी तरह भारत अपने चंद्र अभियानों के लिए जरूरी अनुभव हासिल कर सकता है। अब भारत के नेताओं और प्रशासकों को पुरानी लकीर छोड़ कुछ नया करने की जरूरत है।

योजना का पहला कदम है इसरो का गगनयान मिशन। दूसरा कदम होगा भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन। इसके 2035 तक तैयार होने की उम्मीद है। तीसरा और सबसे महत्वाकांक्षी कदम है 2040 तक किसी भारतीय को चांद पर भेजना।

# स्पेस में रेस

आदित्य रामनाथन।।

स्पेस में पिछले हफ्ते एक प्राइवेट यात्रा हुई, जो ऐतिहासिक है। इसका भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के लिए भी खास मतलब है। दुनिया ने अरबपति Jared Isaacman और स्पेसएक्स इंजीनियर Sarah Gillis को क्रू ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से बाहर निकल अंतरिक्ष में टहलते देखा। यह अब तक की पहली कमर्शल स्पेसवॉक है। मिशन इसलिए भी खास था, क्योंकि अंतरिक्ष यान 1,400 किलोमीटर की ऊंचाई तक गया। 1972 के अपोलो 17 मून मिशन के बाद से यह सबसे दूर की यात्रा है।

अंतरिक्ष में आगे बढ़ने के लिए देशों के बीच होड़ मची है। इनमें सबसे आगे हैं चीन और अमेरिका। दोनों ही मुल्क शीत युद्ध के बाद अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष योजनाओं पर काम कर रहे हैं। पृथ्वी की कक्षा में इंसानों की मौजूदगी बनाए रखने के साथ ही दोनों देश भविष्य में चांद पर स्थायी बेस भी बनाना चाहते हैं। शीत युद्ध की तुलना में आज सरकारों को कम बजट में काम करना पड़ता है। ऐसे में अपने बड़े लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उन्हें प्राइवेट स्पेस कंपनियों पर निर्भर रहना होगा। ये कंपनियां कम लागत में और नए तरीकों से काम कर रही हैं।

यह बदलाव भारत की अंतरिक्ष में इंसान




भेजने की योजना को लेकर भी महत्वपूर्ण सवाल खड़े करता है। योजना का पहला कदम है इसरो का गगनयान मिशन। दूसरा कदम होगा भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन। इसके 2035 तक तैयार होने की उम्मीद है। तीसरा और सबसे महत्वाकांक्षी कदम है 2040 तक किसी भारतीय को चांद पर भेजना। अपनी योजनाओं को समय पर और तय बजट में पूरा करने के लिए भारत को अंतरराष्ट्रीय सहयोग और प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी पर ध्यान देना होगा। इसका मतलब है कि सरकार और इसरो को अपने काम करने के तरीके में बदलाव लाना पड़ेगा।

अभी पृथ्वी की कक्षा में सिर्फ दो स्थायी स्पेस स्टेशन हैं baVjuS'kuy स्पेस स्टेशन और चीन का Tiangong। इनमें ISS अब पुराना हो चुका है। 2030 के दशक के शुरुआती बरसों में इसे नष्ट कर दिया जाएगा। इसकी जगह तीन छोटे कमर्शल स्पेस स्टेशन लेंगे। इस प्रॉजेक्ट को नासा का समर्थन है। इनके अलावा चीन और अमेरिकी कंपनियों के दूसरे प्राइवेट स्पेस स्टेशन भी हो सकते हैं। नए स्पेस स्टेशन में से कुछ पर तो वे वैज्ञानिक प्रयोग होते रहेंगे, जो अभी ै पर किए जाते हैं, जबकि बाकी का कमर्शल इस्तेमाल हो सकता है। इनमें स्पेस होटल बनाए जा सकते हैं, कमर्शल रिसर्च और डिवेलपमेंट से जुड़ा काम हो सकता है।

भारत के लिए अगली चुनौती यह है कि चंद्रमा को लेकर दिलचस्पी बढ़ती जा रही है। अमेरिका की अगुआई में ।तजमउपे और चीन के नेतृत्व में इंटरनैशनल लूनर रिसर्च स्टेशन प्रोग्राम चल रहा है। आर्टेमिस प्रोग्राम में ज्यादा खर्च और देरी जैसी दिक्कतें आई हैं। हालांकि इसने कुछ हद तक ऐसी नई स्पेस कंपनियों को जोड़ने में सफलता हासिल कर ली है, जो ज्यादा जोखिम उठाने को तैयार हैं। इनमें स्पेसएक्स और ब्लू ओरिजिन जैसी बड़ी कंपनियां ही नहीं, बल्कि कई स्टार्ट–अप भी हैं।

### सुडोकु सवाल-5236 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सुडोकु सवाल -5235 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## अपना ब्लॉग

### शार्क से सीख

**मोहन।** कैंपलिसन ने जिन ग्रीनलैंड शार्क मछलियों को देखा, उनकी उम्र 60 से 200 साल के बीच होने का अनुमान है। इन मछलियों में उन्होंने एंजाइम गतिविधि में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं पाया। शार्क की उम्र बढ़ने के साथ एंजाइमों में क्या और कैसे बदलाव होता है, कैंपलिसन इस पर काम कर रहे हैं। इस तरह की रिसर्च को मनुष्यों पर लागू करने से पहले अभी बहुत काम किया जाना बाकी है। बुढ़ापा बहुत ही जटिल प्रक्रिया है। हमारे पास फिलहाल इसका कोई निश्चित उत्तर नहीं है कि बूढ़े होने की प्रक्रिया वास्तव में कैसे काम करती है। उदाहरण के लिए, मेटाबॉलिज्म में परिवर्तन मनुष्यों में उम्र बढ़ने का सिर्फ एक हिस्सा है। आनुवंशिक त्रुटियां, प्रोटीन अस्थिरता और कई अन्य प्रक्रियाएं बुढ़ापे के लक्षण के रूप में जानी जाती हैं। लगता है कि शार्क का अध्ययन इन क्षेत्रों में हमें बहुत कुछ सिखा सकता हैं।






## धूम मचाने आ रहा है पीटर पार्कर, टॉम हॉलैंड और जेंडाया ने पढ़ ली है स्क्रिप्ट

मार्वल के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। टॉम हॉलैंड ने हाल ही स्पाइडर मैन 4 को लेकर दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने बताया है कि कुछ हफ्ते पहले ही उन्होंने अपनी को–स्टार जेंडाया के साथ स्पाइडर मैन 4 की स्क्रिप्ट का फर्स्ट ड्राफ्ट पढ़ा है। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स अपने फेज–5 में है। पिछली फिल्म डेडपूल एंड वुल्वरीन सुपरहिट रही है। टॉम हॉलैंड ने रिच रोल पॉडकास्ट में स्पाइडर मैन फ्रेंचाइज की अगली फिल्म का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि अभी जो स्क्रिप्ट है, वह फर्स्ट ड्राफ्ट है। इस पर अभी बहुत काम करने की जरूरत है। लेकिन वह इतना जरूर कहेंगे कि राइटर्स बहुत बढ़िया काम कर रहे हैं। इससे पहले सितंबर महीने में हॉलीवुड रिपोर्टर की रिपोर्ट में कहा गया था कि डेस्टिन डेनियल क्रेटन सुपरहीरो फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त का डायरेक्शन करने वाले हैं। वह जॉन वॉट्स से इस फ्रेंचाइजी की बागडोर अपने हाथ में लेने वाले हैं। टॉम हॉलैंड ने स्पाइडर मैन 4 के बारे में बात करते हुए कहा, मार्वल के साथ ध्यान रखने वाली सबसे बड़ी बात ये है कि आपकी फिल्म एक बड़ी सी मशीन में एक छोटा सा हिस्सा है और उस मशीन को चलते रहना है। फिलहाल एक क्रिएटिव पिच के साथ एक ड्राफ्ट तैयार है, जो बेहतरीन है।

## वायरल भाभी हेमा शर्मा के पति ने खोला कच्चा चिट्ठा!

रियलिटी शो बिग बॉस 18 दर्शकों के बीच अपनी जगह बनाने में कामयाब हो रहा है। इसमें विवियन डीसेना, शिल्पा शिरोडकर सहित कई जाने–माने चेहरे हैं। श्वायरल भाभीश हेमा शर्मा भी हैं। उनकी पर्सनल लाइफ चर्चा में रही है। युगांडा के गौरव सक्सेना ने हाल ही में अपने यूट्यूब चैनल गौरव की कहानी में पत्नी हेमा शर्मा द्वारा उन पर लगाए गए झूठे आरोपों के बारे में बताया है। हेमा शर्मा के पति गौरव का दावा है कि हेमा उन्हें अपने बेटे से मिलने नहीं दे रही हैं। उनकी पिछली शादी से एक बड़ा बेटा भी है, जो अपने पिता से अलग हो चुका है और अब गौरव को लगता है कि उनके बेटे का भी यही हश्र हो रहा है। गौरव के अनुसार, हेमा बच्चों को अच्छे संस्कार नहीं सिखा रही हैं। उन्होंने बताया कि हेमा ने उनसे 2.50 करोड़ रुपये का 2 फ्लैट खरीदने की मांग की है और ऐसा न करने पर उन्हें अपने बेटे से मिलने नहीं दिया है। गौरव ने बताया कि वह पहले से ही हर महीने हेमा को काफी पैसे दे रहे हैं, जिसमें उनके मौजूदा घर का किराया भी शामिल है।

## मन्नारा चोपड़ा ने लेटेस्ट वीडियो में दिखाए हैं इतने सारे एक्सप्रेशंस



रिएलिटी शो बिग बॉस 17 में नजर आई मन्नारा चोपड़ा बीती रात प्रियंका चोपड़ा के इवेंट में नजर आईं। हालांकि, मन्नारा इस वक्त किसी खास प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में नहीं हैं। वैसे सोशल मीडिया पर मन्नारा कुछ न कुछ ऐसा करती दिख जाती हैं, जिसे लेकर उनकी चर्चा खूब होती है। इस वक्त मन्नारा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है। मन्नारा वैसे भी बॉलीवुड में ज्यादा एक्टिव नहीं हैं, बल्कि साउथ फिल्मों में बड़ा नाम हैं। इस साल अपनी फिल्म तेलुगू फिल्म में अपने डांस को लेकर खूब चर्चा में रही हैं। अब मन्नारा का एक नया वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में मन्नारा रेड आउटफिट में स्टेज पर पोज देती दिख रही हैं। हालांकि, लोगों को मन्नारा का ये अंदाज बिल्कुल अच्छा नहीं लग रहा है। अब लोगों ने मन्नारा के लिए तरह–तरह के कॉमेंट किए हैं। मन्नारा इस वीडियो में तरह–तरह के एक्सप्रेशंस देती दिख रही हैं। लोगों ने मन्नारा के एक्सप्रेशंस की जमकर तारीफ की है। मन्नारा एक ने कहा– वहीं कुछ ने कहा– फ्लावर नहीं, फायर हैं मन्नारा। बता दें कि मन्नारा प्रियंका चोपड़ा के इवेंट में पहुंची थीं। दरअसल प्रियंका एक ब्रैंड इवेंट का हिस्सा बनकर मुंबई पहुंचीं और रैम्प पर अपना किलर अंदाज दिखाती नजर आईं। वहीं मन्नारा डांस दीवाने 4 में गेस्ट अपीयरेंस में नजर आईं।

# स्ट्रगल के बाद फिल्में छोड़ने वाली थीं काजोल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)




*काजोल ने हाल ही एक इंटरव्यू में अपने करियर के शुरुआती दिनों के स्ट्रगल के बारे में बात की। काजोल ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं, पर कभी ऐसा भी वक्त था, जब वह तीन फिल्मों के बाद ही एक्टिंग छोड़ना चाहती थीं। तब शाहरुख ने उनसे ऐसी बात बोल दी थी कि वह हैरान थीं। पर उसी बात ने काजोल को इंस्पायर किया कि वह एक्टिंग जारी रखें। काजोल और शाहरुख की जोड़ी को बॉलीवुड की सुपरहिट और आइकॉनिक जोड़ियों में शुमार किया जाता है। दोनों ने साथ में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। इनमें दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, कुछ कुछ होता है और कभी खुशी कभी गम जैसे नाम शामिल हैं।*

काजोल ने बताया क्यों किया था एक्टिंग छोड़ने का फैसला काजोल ने कहा, मैंने बहुत पहले उधार की जिंदगी नाम की एक फिल्म की थी। मुझे लगता है, वह मेरी तीसरी फिल्म थी। मैं बिल्कुल नई थी। उस समय मेरी उम्र लगभग 17 या 18 साल रही होगी। और मुझे याद है, मैंने फिल्म पूरी कर ली थी।

**शाहरुख ने कहा- पहले एक्टिंग सीखने की जरूरत**

काजोल ने आगे बताया कि उससे पहले, शाहरुख ने उनसे कहा था कि तुम्हें बस यह सीखना है कि एक्टिंग कैसे करनी है। मैंने कहा कि ये क्या है? ये किस बारे में बात कर रहा है? मैं इतना शानदार काम तो कर रही हूं। मैंने उधार की जिंदगी नाम की यह फिल्म की। और मैं फिल्म खत्म कर रहा हूं।



**फिल्में छोड़ने का फैसला, मां से बोलीं- बस बहुत हुआ**

काजोल ने फिर बताया कि कैसे उन्होंने थक–हारकर फिल्में छोड़ने का फैसला कर लिया था। वह बोलीं, मुझे याद है कि उस समय मैंने पलटकर अपनी मां से कहा था, तुम्हें पता है मां, अब बहुत हुआ। मैं थक गई हूं। साढ़े 18 साल की उम्र में मेरा काम तमाम। मैं अब और नहीं हिल सकती। मैं अब और नहीं रो सकती। अब ग्लिसरीन नहीं डाल सकती।

**मैं गाने वाली फिल्में करना चाहती थी**

काजोल ने आगे कहा, मैं नहीं कर सकती। मैं अब ये फिल्में नहीं करना चाहती। मैं चार सीन, 10 गाने...ये सब करना चाहती हूं। मैं ऐसी फिल्में करना चाहती थी। और मैंने ऐसी चार फिल्में साइन कीं। तो यहीं से गुंडा राज, हलचल, ये सारी फिल्में आईं। उसके बाद मैंने एक्टिंग सीखी।

**काजोल की पहली फिल्म**

काजोल ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत साल 1992 में फिल्म बेखुदी से की थी। बाद में वह बाजीगर, करण अर्जुन, इश्क और दिलवाले जैसी फिल्मों में नजर आईं।

# रणबीर–आलिया का तैयार हो गया 250 करोड़ रुपये का बंगला

*बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट और रणबीर कपूर का बांद्रा में कथित 250 करोड़ रुपये का आलिशान बंगला तैयार हो गया है, जिसकी झलक वायरल है। यह बंगला उनके परिवार के लिए रजिस्टर किया गया है और इसके अंदर शिफ्ट होने की योजना है।*



बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट और रणबीर कपूर लंबे समय से अपना आशियाना तैयार करवा रहे थे। वह अक्सर वहां अपनी लाडली के साथ मरम्मत कार्य देखने पहुंचते थे। अब वह बंगला बनकर तैयार हो गया है। उसकी झलक भी सामने आई है, जिसे देखने के बाद हर किसी की आंखें फटी की फटी रह गई है।

**यूजर ने कहा- गरीबों का एंटीलिया**

बीच में खबर आई थी कि मुंबई के बांद्रा में बन रहे इस आलिशान बंगले की कीमत 250 करोड़ रुपये है। और एक्टर रणबीर ने इसे अपनी बेटी राहा के नाम पर रजिस्टर कर दिया है। हालांकि सच्चाई कोई नहीं जानता। फिलहाल मल्टी स्टोरी बिल्डिंग तैयार है और वह किसी महल से कम नहीं। शादी के बाद से ही कपल इसको तैयार करवाने में जुटा था। और अब आखिरकार ये पूरी तरह से बन चुका है। इसका वीडियो भी इंटरनेट पर वायरल है।

**राहा के साथ रणबीर-आलिया होंगे शिफ्ट**

बताया गया था कि इसके तैयार होने के बाद रणबीर और आलिया इसमें अपनी बेटी राहा के साथ रहने आ सकते हैं। हालांकि अभी कुछ कंफर्म नहीं है कि कब तक वह दोनों यहां अपना ठिकाना बनाएंगे। साथ ही नीतू कपूर को भी वह साथ रखेंगे या नहीं, इसकी भी कोई जानकारी नहीं है।

**आलिया-रणबीर का बंगला देख लोगों की राय**

इस आशियाना को देखने के बाद लोग रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, श्क्या बकवास है, हमारे दिल्ली के पॉश इलाके के बंगले देखो, तब पता चलेगा बंगला क्या होता है।श एक ने कहा, एक बार तो एल्विश का घर लगा। एक ने कहा, श्वाओ, कितना प्यारा बंगला है। एक ने कहा, ये बिलकुल लैविश नहीं, एकदम नॉर्मल लग रहा है। एक ने लिखा, गरीबों का एंटीलिया। एक ने लिखा, हॉस्पिटल की वाइब आ रही है।

# लिवर फेलियर का कारण बन सकती है प्राइमरी बाइलरी कोलेंजाइटिस बीमारी

*प्राइमरी बाइलरी कोलेंजाइटिस एक ऑटोइम्यून डिजीज है। प्राइमरी बाइलरी सिरोसिस लिवर से जुड़ी बीमारी है। इसमें लिवर ठीक तरीके से काम नहीं करता है और समय पर इलाज न होने पर यह लिवर फेलियर का कारण भी बन सकता है। इसके बारे में जानकारी होना बहुत जरूरी है।*



**प्राइमरी बाइलरी सिरोसिस के कारण**

कई शोधों के अनुसार प्राइमरी बाइलरी सिरोसिस एक ऑटोइम्यून रोग है। इसमें शरीर खुद ही हेल्दी सेल्स को नष्ट कर देता है। जब कुछ खास तरह के व्हाइट ब्लड सेल्स लिवर में इकट्ठा होना शुरू हो जाते हैं तब लिवर में इन्फ्लेमेशन होने लगता है। यह इम्यून सेल्स बैक्टीरिया और वायरस का पता लगाकर उन पर अटैक करते हैं लेकिन प्राइमरी बाइलरी सिरोसिस में यह गलती से हेल्दी सेल्स को डैमेज कर देते हैं। छोटे डक्ट्स में सूजन के कारण लिवर की दूसरी कोशिकाओं को नुकसान पहुंचता है। कोशिकाओं के डैमेज होते ही फाइब्रोसिस आ जाते हैं जिससे सिरोसिस हो जाता है। सिरोसिस में लिवर ठीक से काम करना बंद कर देता है।

**प्राइमरी बाइलरी सिरोसिस के रिस्क फैक्टर्स**


लिंगरू प्राइमरी बाइलरी सिरोसिस से पीड़ित अधिकांश महिलाएं होती हैं। आयु 30 से 60 वर्ष की आयु वाले लोगों में इसके होने की संभावना अधिक रहती है। अनुवांशिकता आपके परिवार में या रोग किसी को था या है तो यह आपको भी हो सकता है।

**प्राइमरी बाइलरी सिरोसिस का इलाज**

प्राइमरी बाइलरी सिरोसिस का कोई इलाज नहीं है लेकिन डॉक्टर आपको कुछ ऐसी दवाइयां दे सकते हैं जो इस रोग के और गंभीर होने की संभावना को कम कर सकता है। यदि दवाइयां असर नहीं करती हैं और लिवर फेल होना शुरू हो जाता है तो डॉक्टर आपको लिवर ट्रांसप्लांट की भी सलाह दे सकते हैं। हालांकि कुछ मामलों में ट्रांसप्लांट के बाद कई वर्षों बाद इस रोग के दोबारा होने की भी संभावना रहती है। प्राइमरी बाइलरी सिरोसिस में थकान ज्यादा महसूस होती है। ऐसे में हेल्थ एक्सपर्ट आपको अपनी डाइट में कुछ बदलाव और एक्सरसाइज करने की सलाह दे सकते हैं।

**प्राइमरी बाइलरी सिरोसिस के लक्षण**

मेयो क्लीनिक के अनुसार प्राइमरी बाइलरी सिरोसिस का ज्यादातर ब्लड टेस्ट के जरिए ही पता लगते हैं। हालांकि कुछ आम लक्षण इस प्रकार होते हैं जैसे हड्डी और जोड़ों में दर्द, हमेशा थकान महसूस होना, खुजली, आंखे और मुंह का सूखना, पेट के ऊपरी दाहिने हिस्से में दर्द, स्प्लीन में सूजन, पैर और टखनों में सूजन, लिवर फेलियर की वजह से पेट में फ्लूइड का बनना, स्किन और आंखों का पीला पड़ना, कमजोर हड्डियां, डायरिया, अंडर एक्टिव थायराइड और वजन कम होना।




## कोयले से भी होती है फेफड़े से जुड़ी गंभीर बीमारी, खतरनाक है ब्लैक लंग डिजीज

ऐसी कई बीमारियां होती हैं जिनके बारे में शायद हर किसी को जानकारी नहीं होती है और इन्हीं बीमारियों में से एक ब्लैक लंग्स डिजीज है। यह फेफड़ों से जुड़ा रोग है जो आमतौर पर उन लोगों को होता है जो कोयले की खदान में काम करते हैं। कोयले की धूल के संपर्क में ज्यादा रहने के कारण व्यक्ति के फेफड़े काले हो जाते हैं। फेफड़ों में धूल के कण चले जाने के कारण सांस लेने में कठिनाई होती है। इस बीमारी को वर्कर्स नीमोकोनॉयोसिस भी कहा जाता है। ब्लैक लंग डिजीज को नौकरी से जुड़ी बीमारी कहा जाता है। कोयला खदानों में और उसके आसपास धूल के कणों को सांस के माध्यम से अंदर लेने के कारण फेफड़े के उत्तकों में सूजन और फाइब्रोसिस की समस्या होती है। हालांकि इस बीमारी के होने की संभावना इस बात पर भी निर्भर करती है कि धूल आपके शरीर में कितनी अंदर तक गई है और कितने समय से आप उसके संपर्क में हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार ब्लैक लंग डिजीज के लक्षण विकसित होने में कई साल लग जाते हैं। शुरुआती चरणों में इसके सबसे आम लक्षणों में खांसी, सांस लेने में तकलीफ और सीने में जकड़न शामिल है। खांसी के साथ मरीज को काली बलगम भी आ सकती है। ब्लैक लंग डिजीज ऑक्सीजन को ब्लड तक पहुंचने से रोक सकता है। यह हार्ट और ब्रेन के लिए भी नुकसानदायक है। कोयला खदानों में काम करने वाले लोगों को ब्लैक लंग डिजीज की समस्या होती है।

## ब्रिटल बोन डिजीज क्या है, जिसमें टूटने लगती हैं हड्डियां

ब्रिटल बोन डिजीज एक जेनेटिक डिसऑर्डर है जो आपकी हड्डियों को प्रभावित करती है। इस बीमारी के मरीजों की हड्डियां आसानी से टूट सकती हैं। आपको बिना किसी कारण या चोट के भी आसानी से चोट लग सकती है जैसे केवल गिरने भर से ही आपकी हड्डी टूट सकती है। पहचान करने के लिए डॉक्टर के पास जाना चाहिए और कुछ जरूरी टेस्ट करवाने चाहिए। इससे पहले आप को मरीज या अपने बच्चे के शरीर के लक्षणों का पता होना चाहिए। आपके डॉक्टर इसे ऑस्टोजेनेसीस इंपरफेक्टा बोल सकते हैं। यह बीमारी किसी भी व्यक्ति को किसी भी उम्र वर्ग में हो सकती है। इस बीमारी का कोई इलाज नहीं होता है लेकिन डॉक्टर की मदद से आप इसे मैनेज कर सकते हैं। इलाज शुरू करने से पहले आपको इस बीमारी की पहचान करना जरूरी है। आइए जानते हैं इस बीमारी के लक्षण, कारणों और इलाज के कुछ तरीकों के बारे में। साथ ही जानेंगे इसके रिस्क फैक्टर और पहचान करने से जुड़े टेस्ट के बारे में। ब्रिटल बोन डिजीज एक जेनेटिक डिसऑर्डर है जो आपकी हड्डियों को प्रभावित करती है। इस बीमारी के मरीजों की हड्डियां काफी कमजोर हो जाती हैं।

## बैरेट एसोफेगस बन सकता है एसोफेगस कैंसर का कारण



इसोफेगस आपकी खाने की पाइप को कहा जाता है। यह पाइप आपके मुंह को पेट से जोड़ती है। बैरेट इसोफेगस एक ऐसी स्थिति होती है जिसमें आपकी इसोफेगस की फ्लैट पिंक लाइनिंग एसिड रिफ्लेक्स के कारण डैमेज हो जाती है। इस स्थिति में यह लाइनिंग थोड़ी मोटी हो कर सूज जाती है और लाल हो जाती है। इसोफेगस और पेट के बीच एक काफी जरूरी वाल्व होती है, जिसका नाम लोअर एसोफैगल स्फिंक्टर होता है। समय के साथ यह वाल्व कमजोर होने लगती है और अपना काम अच्छे से नहीं कर पाती है जिस वजह से इसोफेगस में एसिड और केमिकल डैमेज होने लगता है। पहचान करने के लिए इसके कारण, लक्षणों का पता होना काफी जरूरी होता है। सीने में बार बार जलन होना या फिर खाया हुआ खाना ऐसा महसूस होना जैसे आपके मुंह तक ही वापिस आ गया हो। खाने को निगलने में काफी दिक्कत महसूस होना। छाती में दर्द होना लेकिन यह लक्षण काफी दुर्लभ देखने को मिलता है। इसका मुख्य कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। अगर आप को छाती में दर्द जैसे लक्षण देखने को मिल रहे हैं और ऐसा लग रहा है की यह हार्ट अटैक हो सकता है तो तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए। अगर आपको खाना निगलने में दिक्कत आ रही है तो भी डॉक्टर के पास जाना चाहिए। अगर उल्टी आ रही है और उल्टी में लाल रंग देखने को मिल रहा है या कॉफी ग्राउंड्स जैसा महसूस हो रहा है तो तुरंत डॉक्टर के पास जाएं।

# स्किन से जुड़ा रोग है बुलौसा हीरेडिटरीया, जानें बचाव के तरीके

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*बुलौसा हीरेडिटेरिया एक स्किन से जुड़ा रोग है जिसमें स्किन काफी कमजोर हो जाती है और इस स्थिति में आपकी स्किन पर छाले होने लगते हैं। यह स्थिति काफी दुर्लभ होती है। काफी छोटी सी चोट से ही आपको स्किन में छाले हो सकते हैं। खुजली करने से या रब करने से और यहां तक की गर्मी के कारण भी आप की स्किन पर छाले हो सकते हैं। यह छाले शरीर के आंतरिक भागों में भी हो सकते हैं जैसे मुंह या पेट की लाइनिंग के अंदर। यह स्थिति इन्हेरिटेड होती है। इसका अर्थ है यह स्थिति बच्चों को अपने मां बाप द्वारा मिलती है। यह छोटे बच्चों में या थोड़े जवान बच्चों में ही देखने को मिलती है। इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है। हालांकि समय के साथ यह ठीक होने लगती है और मरीज को इतनी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता है। इसके लक्षणों और कारणों के बारे में आपको जरूर पता होना चाहिए ताकि आप समय रहते ही इसके इलाज की ओर ध्यान दे सकें। आइए जान लेते हैं इस बीमारी के कारण और लक्षणों के बारे में।*

**लक्षण**

स्किन का काफी ज्यादा नाजुक या कमजोर हो जाना और इस वजह से काफी आसानी से छाले हो जाना। खास कर हथेली और पैरों पर। नाखूनों का काफी मोटा हो जाना और एक जैसे न होना। मुंह या गले के अंदर छाले होना। बाल झड़ना शुरू होना। स्किन का पतला हो जाना। बहुत छोटे छोटे और पतले पिंपल हो जाना। टूथ डीके जैसी दांतों से जुड़ी समस्या। किसी भी चीज को निगलने में समस्या आना और सिर में खुजली होना।



**डॉक्टर को कब बताना चाहिए?**

अगर आप को कोई भी चीज निगलने में समस्या आ रही है या फिर सांस लेने में दिक्कत महसूस हो रही है तो तुरंत अपने डॉक्टर को बताएं। अगर इन्फेक्शन के लक्षण दिखने लगते हैं जैसे स्किन का वॉर्म हो जाना, सूज जाना या स्किन के अंदर फ्ल्यूड इकट्ठा हो जाना आदि जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तो डॉक्टर के पास जाएं। अगर इन लक्षणों के साथ बुखार या सर्दी है तो भी इसे नजर अंदाज न करें।

**कारण**

यह बीमारी एक इन्हेरिटेड जीन के कारण होती है। अगर आपके माता पिता में से किसी एक को यह बीमारी है तो उनसे आपको लग सकती है।

**जटिलताएं**

इस बीमारी के कारण आपकी स्किन बेहद नाजुक हो जाती है और स्किन इन्फेक्शन का खतरा काफी हद तक बढ़ जाता है। इसमें आप को पोषण से जुड़ी समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है। मुंह में छाले होने की वजह से आपका खाना पीना बंद हो सकता है जिसकी वजह से आप कुपोषण का शिकार हो सकते हैं। अगर ऐनल भाग के आस पास छाले हो जाएं तो स्टूल पास करने में भी दिक्कत आ सकती है जिस कारण आपको कब्ज जैसी समस्याएं भी आ सकती है।

**बचाव कैसे करें?**

अक्सर यह बीमारी बच्चों को बचपन में होती है इसलिए मां बाप को उन्हें इससे बचाने के लिए साफ सफाई का अधिक ध्यान रखना होगा। अपने घर के वातावरण को ठंडा रखें और बच्चे की स्किन को हाइड्रेटेड रखें। इसके अलावा डायपर आदि बदलते समय अधिक ध्यान रखें। बच्चों को काफी सॉफ्ट कपड़े पहनाएं और खुजली आदि होने से बचाव करें। अपने घर के सभी कठोर सर्फेस को ढंक कर ही रखें ताकि बच्चा उनके पास न पहुंच सके।



पंत की खास क्लब में हुई एंट्री

ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा 50 स्कोर बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं। उन्होंने टेस्ट की 62 पारियों में 18 बार यह कारनामा किया है। फारुख इंजीनियर ने 18 50 स्कोर के लिए 87 पारियां ली थीं। इस लिस्ट में टॉप पर पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हैं। माही ने टेस्ट की 144 पारियों में 39 बार 50 से ज्यादा स्कोर बनाया था।

## एतिहासिक वापसी के बाद फिर गरजा पंत का बल्ला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट से करीब 2 साल दूर रहे। इसके बाद बांग्लादेश के पिछले महीने खेली गई टेस्ट सीरीज से उन्होंने इस फॉर्मेट में वापसी की। पंत की वापसी एतिहासिक रही और उन्होंने आते ही शतक जड़ा। अब भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे सीरीज के पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में पंत कुछ खास कमाल नहीं कर पाए। उन्होंने 49 गेंदों का सामना किया और 20 रन बनाए। हालांकि, वह पहली पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज थे, क्योंकि पूरी भारतीय टीम 46 रन पर सिमट गई। फील्डिंग के दौरान पंत चोटिल भी हो गए थे। ऐसे में ध्रुव जुरेल ने उनकी जगह विकेटकीपिंग की। इसके बाद भी पंत दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरे। दूसरी पारी में पंत एक बार फिर अपने पुराने अवतार में नजर आए। बारिश के बीच उनका बल्ला जमकर गरजा। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ने 55 गेंदों पर अर्धशतक जड़ दिया। इसके साथ ही उन्होंने एक खास कीर्तिमान भी अपने नाम किया है।

# घरेलू क्रिकेट के 'सरताज' ने संघर्ष के समय पर ठोका पहला टेस्ट शतक

क्रिकेट

### सरफराज खान ने अपनी शतकीय पारी में 13 चौके और तीन छक्के जमाए



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कहते हैं कि कड़ी मेहनत करने वाले की कभी हार नहीं होती। अगर आपमें लग्न है और आप कड़ी मेहनत करते हैं तो सफलता जरूर आपके पैर चूमती है। यह बातें भारतीय मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सरफराज खान पर एकदम सटीक बैठती है। घरेलू क्रिकेट में वर्षों तप करने वाले सरफराज खान को आखिरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता मिली और वह अपना पहला टेस्ट शतक ठोकने में कामयाब रहे।

सरफराज खान ने जिस मौके पर शतक जमाया, वो दर्शाता है कि यह दबाव में निखरकर आने वाला खिलाड़ी है। उल्लेखनीय है कि जिस पोजीशन (नंबर-4) पर आकर सरफराज खान ने पहला टेस्ट जड़ा, वो इस क्रम पर अपनी घरेलू टीम के लिए भी नहीं खेलते हैं। यह ऐसी ध्यान देने वाली बातें हैं, जिसे नजरअंदाज करना किसी को भी भारी पड़ सकता है।

बता दें कि सरफराज खान ने शनिवार को पहले टेस्ट के चौथे दिन न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का पहला शतक जमाया। उन्होंने टिम साउथी द्वारा किए पारी के 57वें ओवर की तीसरी गेंद पर बैक-फुट पंच के सहारे बाउंड्री जमाई और जोशीले अंदाज में सैकड़े का जश्न मनाया। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने केवल 110 गेंदों में 13 चौके और 3 छक्के की मदद से शतक पूरा किया।

26 साल के सरफराज खान ने भारतीय टीम के लिए संकटमोचक की भूमिका निभाई और शानदार शतक जमाया। उन्होंने अपनी पारी के जरिये भारतीय टीम की मैच में वापसी कराई। शतक पूरा करने के बाद सरफराज खान ने तेजी से दौड़ते हुए अपने शतक का जश्न मनाया। उन्होंने रुकने के बाद अपना हेलमेट उतारा और चिल्लाते हुए ड्रेसिंग रूम की तरफ देखा। ड्रेसिंग रूम में मौजूद पूरी टीम को अपने इस खिलाड़ी के करतब पर नाज है। सभी ने तालियां बजाकर सरफराज को शतक पूरा करने की बधाई दी। सरफराज ने फिर ऋषभ पंत को गले लगाया। यह दृश्य देखने लायक रहा। मुंबई के इस बल्लेबाज की जितनी तारीफ की जाए, उतनी कम है।

सरफराज खान ने एक योद्धा की तरह न्यूजीलैंड के खिलाफ लड़ाई की और उनकी इस पारी को क्रिकेट इतिहास की एक शौर्य गाथा की तरह याद रखा जाएगा।

# बाबर आजम के बचाव में उतरा पाकिस्तानी तेज गेंदबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम इन दिनों पाकिस्तान के दौरे पर है। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 3 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का पहला टेस्ट इंग्लैंड ने अपने नाम किया। इसके बाद पाकिस्तान ने अगले 2 टेस्ट के लिए अपने स्क्वाड में बदलाव किए। पूर्व कप्तान बाबर आजम, नसीम शाह, सरफराज अहमद और शाहीन शाह अफरीदी को टीम में जगह नहीं दी गई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के इस फैसले की काफी आलोचना हुई थी।

दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान ने इंग्लैंड को मात दी। ऐसे में बाबर आजम की काफी आलोचना हो रही है। सोशल मीडिया पर लोगों का कहना है कि बाबर के कारण ही टीम को हार का सामना करना पड़ रहा था। बाबर

■टेस्ट में नहीं चल रहा था बाबर आजम का बल्ला

आजम भी टेस्ट में खराब फॉर्म से जूझ रहे थे।

बाबर की जगह पाकिस्तान टीम में जगह पाने वाले कामरान गुलाम ने डेब्यू टेस्ट में ही शतक जड़ दिया। ऐसे में बाबर की आलोचना काफी बढ़ गई। हालांकि, अब तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने बाबर आजम का बचाव किया है। आमिर ने सोशल मीडिया पर बाबर के बचाव में एक पोस्ट शेयर की है।

एक्स पर आमिर ने लिखा, यार प्लीज ये घटिया सोच खत्म करो कि बाबर टीम में नहीं था या वो प्लेयर नहीं थे तो टीम जीत गई। हम बेहतर प्लानिंग के साथ खेले। घर पर खेलने का फायदा उठाया और जीत गए। आप प्रदर्शन के आधार पर बात कर सकते हैं लेकिन कृपया खिलाड़ियों के साथ पर्सनल न हों।

बीते कुछ समय से बाबर आजम खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। यही कारण था कि हाल ही में उन्होंने कप्तानी भी छोड़ दी थी। बाबर ने टेस्ट में पिछले 2 साल से एक फिफ्टी तक नहीं लगाई है।

टेस्ट में आखिरी शतक दिसंबर, 2022 में न्यूजीलैंड को खिलाफ आया था। बाबर ने इस मुकाबले की इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट मैच में बाबर आजम का बल्ला नहीं चला। पहली पारी में उन्होंने 30 रन और दूसरी पारी में 5 रन बनाए। इससे पहले बांग्लादेश ने पाकिस्तान का दौरा किया था। बांग्लादेश ने पहली बार पाकिस्तान को टेस्ट सीरीज में मात दी थी।

## पाकिस्तान में खेलो और उसी दिन वापस भारत लौट जाओ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कराचीं पीसीबी ने बीसीसीआई से संपर्क किया है और एक ऐसी व्यवस्था का प्रस्ताव रखा है, जिसके अंतर्गत अगर भारत सुरक्षा कारणों से अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान पाकिस्तान में नहीं रुकना चाहता है तो वह मैचों के बीच में नई दिल्ली या चंडीगढ़ में से कहीं लौट सकता है। पीसीबी ने बीसीसीआई को मौखिक सुझाव दिया है कि भारतीय टीम नयी दिल्ली या चंडीगढ़ या मोहाली में शिविर लगा सकती है और अपने मैचों के लिए विशेष उड़ान का इस्तेमाल करके लाहौर जा सकती है। सूत्र ने कहा, लेकिन हां यह सच है कि इन विकल्पों पर अधिकारियों के बीच मौखिक रूप से चर्चा हुई है ताकि भारत का अपने मैच पाकिस्तान में खेलना सुनिश्चित हो सके। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से नौ मार्च तक लाहौर, रावलपिंडी और कराची में कराई जाएगी।

## न्यूज डायरी



### श्रेयस का रणजी ट्रॉफी में कमाल, शतक से आलोचकों को दिया मुंह तोड़ जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय टीम के अनुभवी मिडल ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इस वक्त भारत की टेस्ट और टी20 टीम से बाहर चल रहे हैं। वनडे में उन्हें आखिरी बार श्रीलंका दौरे पर खेलते हुए देखा गया था। हालांकि उनके फॉर्म को लेकर काफी सवाल उठाए जा रहे थे। अब श्रेयस ने रणजी ट्रॉफी में आलोचकों को मुंह तोड़ जवाब दिया है। उन्होंने महाराष्ट्र के खिलाफ मुंबई के लिए खेलते हुए कमाल का शतक जड़ा। अय्यर ने 131 गेंदों में सेंचुरी ठोकी। बता दें कि अय्यर अब भी नाबाद हैं। उन्होंने अपनी पारी में अब तक 9 चौके और 3 छक्के लगाए हैं। हाल ही में खेली गई दलीप ट्रॉफी में भी श्रेयस अय्यर रंग में तो नजर आए थे। लेकिन बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे थे। उन्होंने 3 मैचों में 2 अर्धशतक ठोके थे। इसके अलावा ईरानी कप में भी अय्यर ने 1 फिफ्टी लगाई थी। 29 साल के श्रेयस अय्यर ने भारतीय टीम के लिए अब तक 14 टेस्ट, 62 वनडे और 51 टी20 मुकाबले खेले हैं। टेस्ट में उनके नाम 811, वनडे में 2421 तो टी20 में 1104 रन हैं। अय्यर ने अब तक इंटरनेशनल क्रिकेट में 6 शतक और 31 अर्धशतक जड़े हैं। महाराष्ट्र के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। हालांकि यह फैसला इतना असरदार साबित नहीं हुआ। महाराष्ट्र सिर्फ 126 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इसके बाद मुंबई के 17 साल के ओपनर आयुष म्हात्रे ने कमाल कर दिया।

### मैदान में जाने का रास्ता भूल गए? भारतीय कप्तान का मजेदार वीडियो हुआ वायरल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के भूलने की आदत से क्रिकेट फैंस अच्छी तरह वाकिफ हैं। रोहित शर्मा को अपने भूलने की आदत के कारण टीम में गजनी का टैग मिला हुआ है। रोहित शर्मा के भूलने की आदत का एक वाकया शनिवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर भी देखने को मिला। भारतीय कप्तान को मैदान में जाना था, जिसके लिए वह साइट स्क्रीन के पीछे से चलते हुए गए। साइट स्क्रीन के पीछे तारों का जमावड़ा था, जिस पर से रोहित शर्मा कुछ सोचते हुए गुजर गए। फैंस भी कप्तान की इस हरकत को देखकर दंग थे। कुछ लोग चिंतित भी हुए कि रोहित शर्मा तारों के बीच सुरक्षित हैं कि नहीं? वहीं कुछ लोग रोहित शर्मा को ऐसा करते देख अपनी हंसी नहीं रोक पाए। रोहित शर्मा को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वो कोई रणनीति सोचते हुए अपने आप में मग्न हैं और मैदान के अंदर जा रहे हैं। इसके लिए उन्हें नहीं पता कि सही रास्ता कौन-सा है। मगर मजेदार बात तो तब हुई जब रोहित शर्मा को पीछे से एक शख्स ने आवाज लगाकर रोकने की कोशिश भी की, लेकिन कप्तान पर उसका कोई असर नहीं पड़ा। दरअसल, ऋषभ पंत की जगह तीसरे दिन विकेटकीपिंग कर रहे ध्रुव जुरेल ने रोहित शर्मा को जाने से रोकने के लिए आवाज भी लगाई। मगर कप्तान अपनी अलग धुन में थे और वो सबकुछ नजरअंदाज करते हुए साइट स्क्रीन के पीछे से चले गए।

### 14 साल बाद महिला टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची न्यूजीलैंड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुबई में नियती ने एक अलग ही खेल खेला। महिला टी20 वर्ल्ड कप में इस बार दो नई टीमें फाइनल में पहुंची हैं और इस साल टूर्नामेंट में एक नया चैंपियन मिलेगा। साउथ अफ्रीका ने जहां, 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में जगह बनाई तो वहीं, न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 8 रन से हराकर 14 साल बाद फाइनल में प्रवेश किया। न्यूजीलैंड साल 2009 और साल 2010 में आखिरी बार महिला टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची थी। दोनों ही बार कीवी टीम उपविजेता रही थी। सोफी डिवाइन एंड कंपनी का मुकाबला अब फाइनल में लौरा वोलवार्ड की नेतृत्व वाली साउथ अफ्रीका से होगा। साल 2016 के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना वेस्टइंडीज से हुआ था। तब मामला उलटा था। वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड का दिल तोड़ते हुए 6 रन से मात दी थी। अब कीवी टीम ने उसका बदला लिया है। दूसरे सेमीफाइनल मैच की बात करें तो न्यूजीलैंड के पक्ष में सब कुछ रहा। पहले कप्तान ने टॉस जीता और बल्लेबाजी करने का फैसला किया। धीमी पिच पर खेलते हुए न्यूजीलैंड ने 8 विकेट के नुकसान पर 128 रन बनाए। डिएंड्रा डॉटिन की घातक गेंदबाजी के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज हताश दिखे, लेकिन लड़ने लायक एक स्कोर बनाया।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार



### सीएम से कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर ने शिष्टाचार भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को सचिवालय में राजस्थान के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर ने शिष्टाचार भेंट की।

### दीपावली से पहले क्षतिग्रस्त सड़कें दुरुस्त हो: प्रेमचंद अग्रवाल

**संवाददाता** देहरादून। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत छिद्दरवाला, रायवाला, श्यामपुर, पशुलोक विस्थापित क्षेत्र के क्षतिग्रस्त मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों को देखकर मंत्री ने नाराजगी जताई। साथ ही दीपावली से पूर्व विधानसभा क्षेत्र के क्षतिग्रस्त मार्गों को दुरुस्त करने के निर्देश अफसरों को दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को मंत्री अग्रवाल ने छिद्दरवाला, साहबनगर क्षेत्र से स्थलीय निरीक्षण की शुरुआत की।

### फल–सब्जी के बढ़ते दामों पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**संवाददाता** ऋषिकेश। फल–सब्जी के दामों में बेतहाशा वृद्धि पर शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। हाथ में फल–सब्जी लेकर कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए दामों को नियंत्रित करने की मांग को लेकर कृषि मंत्री गणेश जोशी को एक ज्ञापन भी भेजा। शनिवार दोपहर कांग्रेस कार्यकर्ता हरिद्वार रोड स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति कार्यालय पहुंचे। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्होंने फल–सब्जियों के बढ़ते दामों को लेकर गुस्सा जाहिर किया। कांग्रेस नेता मदनमोहन शर्मा ने कहा कि दिन–प्रतिदिन खाद्य पदार्थों के दाम तीव्र गति से बढ़ रहे हैं, जिससे आर्थिक रूप से तंग लोगों को दो वक्त की रोटी भी ठीक से नसीब नहीं हो पा रही है।

### छात्र–छात्राओं को किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। दिल्ली पब्लिक स्कूल यानी डीपीएस में शनिवार को वार्षिक स्कॉलर बैज समारोह मनाया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ और प्रिंसिपल बीके सिंह ने किया। 205 छात्रों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और 10 छात्रों को खेल, विज्ञान व सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्टता के लिए स्कॉलर बैज से सम्मानित किया गया।


# राज्य के सामरिक महत्व को देखते हुए नीति बनेः मुख्यमंत्री

**चर्चा**

■ मुख्यमंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष के बीच राज्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सचिवालय में नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री सुमन बेरी के साथ राज्य से जुड़े अहम विषयों पर बैठक की। मुख्यमंत्री ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष का देवभूमि उत्तराखण्ड में स्वागत किया।



मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान कहा कि उत्तराखण्ड विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाला राज्य है। राज्य में पर्वतीय, मैदानी, भाबर और तराई क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में आपदा, वनाग्नि, पलायन और फ्लोटिंग जनसंख्या बड़ी चुनौती है। दो देशों की अन्तरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे होने के कारण उत्तराखण्ड सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। उन्होंने नीति आयोग के उपाध्यक्ष से अनुरोध किया कि हिमालयी राज्यों की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नीतियों का निर्धारण किया जाए। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों की आजीविका में वृद्धि के लिए विशेष नीति बनाने का अनुरोध भी किया। इससे पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन जैसी बड़ी समस्या का समाधान होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हिम आधारित नदियों को वर्षा आधारित नदियों से जोड़े जाने की एक महत्वाकांक्षी परियोजना पर कार्य कर रही है, इसके दीर्घकालिक परिणाम गेम चेंजर साबित होंगे। "नदी–जोड़ो परियोजना" के क्रियान्वयन के लिए अत्यधिक धनराशि की आवश्यकता है जिसके लिये उन्होंने इसके नीति आयोग से तकनीकी सहयोग के लिए अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की जनसख्या मूल रूप से लगभग सवा करोड़ है, लेकिन धार्मिक और पर्यटन प्रदेश होने की वजह से राज्य में इससे 10 गुना लोगों की आवाजाही है। राज्य में फ्लोटिंग जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए आधारभूत और बुनियादी सुविधाओं के विकास की आवश्यकता होती है। उन्होंने नीति आयोग के उपाध्यक्ष से अनुरोध किया राज्य में फ्लोटिंग आबादी को ध्यान में रखते हुए राज्य के लिए नीति बने।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड आपदा की दृष्टि से बहुत संवेदनशील राज्य है। प्राकृतिक आपदाओं के कारण राज्य को प्रत्येक साल जन–धन की काफी क्षति होती है। राज्य में विकसित किया गया इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राकृतिक आपदाओं के कारण काफी प्रभावित होता है। उन्होंने अनुरोध किया कि राज्य की प्राकृतिक आपदाओं को ध्यान में रखते हुए नीति बनाई जाय। उन्होंने कहा कि वनाग्नि भी राज्य की बड़ी समस्या है। राज्य में वनाग्नि की चुनौतियों से समाधान के लिए राज्य को पर्याप्त संसाधनों की आवश्यकता होगी। राज्य के सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए भी विशेष नीति बनाने का अनुरोध मुख्यमंत्री ने किया।

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के पीएम मोदी के संकल्प को पूरा करने की दिशा में लिए 'सशक्त उत्तराखण्ड पहल" वर्ष 2022 में आरम्भ किया गया, जिसके अन्तर्गत आगामी पांच वर्षों में राज्य की आर्थिकी को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में हमने राज्य की आर्थिकी वर्ष 2022 के सापेक्ष 1. 3 गुना हो चुकी है। हमने इस लक्ष्य को पूरा करने हेतु अल्पकालीन, मध्यकालीन एवं दीर्घकालिक रोडमैप तैयार किये है।

### हर संभव सहयोग करेगा नीति आयोग

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की रैंकिंग में उत्तराखण्ड को प्रथम स्थान मिलने पर मुख्यमंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज बैठक में राज्य की प्रमुख चुनौतियों से संबंधित जिन विषयों पर चर्चा हुई है, इन सभी विषयों पर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के आकांक्षी जनपदों और विकासखण्डों के विकास के लिए भी नीति आयोग द्वारा हर संभव सहयोग दिया जायेगा।

# अधिक विकेन्द्रीकरण, नियोजन एवं नीतियों की आवश्यकता: सीएस

**बैठक**

■ सीएस ने उत्तराखंड सरकार द्वारा जनहित में किए गए प्रयासों की जानकारी दी

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड की मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने माननीय उपाध्यक्ष नीति आयोग सुमन बेरी, भारत सरकार की अध्यक्षता में शनिवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में उत्तराखंड सरकार द्वारा जनहित में किए गए अभिनव प्रयासो एवं उपलब्धियों की जानकारी आयोग को दीं इसके साथ ही मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आयोग के समक्ष उत्तराखंड राज्य की विशेष परिस्थितियों के संदर्भ में अपेक्षित बिंदुओं को रखा।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि राज्य के जल स्रोतों एवं नदियों के पुनर्जीवीकरण हेतु सारा का गठन कर अब तक 5428 स्रोतों का जल संरक्षण तथा संवर्द्धन कर पुनर्जीवीकरण कर दिया गया है, जबकि 228 वर्षा कालीन छोटी–बड़ी नदियों का जलग्रहण उपचार कर पुनर्जीवित किया गया है। राज्य सरकार हिम आधारित नदियों को वर्षा आधारित नदियों से जोड़े जाने की एक महत्वाकांक्षी परियोजना की रूपरेखा तैयार कर रही है, इसके दीर्घकालिक परिणाम गेम चेंजर साबित होंगे जिसका लाभ प्रदेश को ही नहीं अपितु पड़ोसी राज्यों को भी मिलेगा। महत्वपूर्ण नदी–जोड़ो परियोजना के क्रियान्वयन हेतु अत्यधिक धनराशि की आवश्यकता है जिसके लिये नीति आयोग, भारत सरकार से तकनीकी सहयोग की आवश्यकता है।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में क्लस्टर आधारित ग्रामीण ऊष्मायन केंद्र स्थापित करने के लिए प्रारम्भ मे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में दो ग्रामीण ऊष्मायन केंद्र स्थापित किये हैं, जिसके आशातीत परिणाम प्राप्त हुए हैं। द्वितीय चरण में हम समस्त जनपदों में ग्रामीण ऊष्मायन केंद्र स्थापित करने जा रहे हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित केन्द्रपोषित योजनाओं के लिए सभी के लिए एक आकार फिट की परिकल्पना पर आधारित होने के कारण योजनाओं के निर्धारित मानको को बदलना तथा शिथिलता प्रदान करने के साथ ही अधिक विकेन्द्रीकरण, नियोजन एवं नीतियों की आवश्यकता है।

### लैंगिक असमानता दूर करने में यूसीसी की भूमिका

मुख्य सचिव ने कहा कि लैंगिक असमानता को कम करने हेतु उत्तराखण्ड यूसीसी एक्ट लागू किये जाने से महिलाओं को लैंगिक समानता का अधिकार प्राप्त होगें। इसके साथ ही राज्य में समान नागरिक संहिता, सख्त नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण विरोधी और दंगारोधी कानून लागू कर दिये गये हैं।

### करवाचौथ को बाजारों में रही चौतरफा रौनक

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिनगरी में करवाचौथ की पूर्व संध्या पर बाजारों में चौतरफ रौनक नजर आई। शनिवार को करवाचौथ को लेकर शहर के बाजारों में महिलाओं व युवाओं की भारी भीड़ रही। शहर के बाजारों में सोलह शृंगार को पूरा करने वाली दुकानें भी देर शाम तक खुली रहीं। करवाचौथ पर शृंगार सामग्री की दुकानों के अलावा कपड़ा, पूजा सामग्री, मेवों तथा सराफा बाजार में जमकर खरीदारी हुई। शहर में जगह–जगह मेंहदी महिलाओं ने मेंहदी लगाई। ऋषिकेश में शनिवार को महिलाओं ने अपनी तैयारियां पूरी कीं। रविवार तड़के महिलाएं करवा चौथ का व्रत शुरू करेंगी। पूरे दिन बिना खाए–पिये रात को चंद्रमा के दर्शन कर व्रत पूरा करेंगी। ज्योतिष डॉ. कैलाश घिल्डियाल के अनुसार रविवार को चंद्रोदय रात्रि 07 बजकर 54 मिनट पर होगा। करवा चौथ के दिन सुहागिनें अपने पति के दीघार्यु और मंगल कामना के लिए यह व्रत रखती हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।